सेवा में,

माननीय जनपद न्यायाधीश,

कानपुर नगर।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय कानपुर नगर की आख्या पर पारित माननीय महोदय के प्रशासनिक आदेश संख्या 99 दिनाँकित 13.03.2026 के अनुपालन में संविदा/आउटसोर्सिंग के माध्यम से संविदा सफाई कर्मचारियों के 11 पदों की भर्ती हेतु समिति का गठन किया गया है।

उपरोक्त आदेश के अनुक्रम में समिति की बैठक दिनाँक 30.04.2026 को अध्यक्ष, संविदा/आउटसोर्सिंग समिति के विश्राम कक्ष में आहूत की गयी। समिति की आख्या पर पारित माननीय महोदय के आदेश दिनाँक 30.04.2026 के अनुपालन में विज्ञापन में दिये गये शर्तों के आधार पर संविदा सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु मासिक मानदेय 8,840/- रुपये निर्धारित किया गया एवं सार्वजनिक प्रचार प्रसार के साथ आवेदन हेतु 15 दिन का समय प्रदान करते हुए विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी।

संविदा सफाई कर्मचमारियों के वतेन के समबन्ध में माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक संख्या 464/इन्फ्रासेल दिनाँकित 28.03.2024 के अनुसार सफाई कर्मचरियों का वेतन मानक मद संख्या-58 में बजट की माँग की जानी है।

उपरोक्त के अनुक्रम में संविदा/आउटसोर्सिंग समिति की बैठक पुनः दिनाँक 19.05.2026 को अध्यक्ष, संविदा/आउटसोर्सिंग समिति के विश्राम कक्ष में आयोजित की गयी। आवेदन प्राप्त होने के अन्तिम दिनाँक 15.05.2026 तक कुल 90 आवेदन प्राप्त हुए एवं 09 आवेदन अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त हए। उक्त 09 आवदेन पत्रों पर विचार विमर्श करते हुए समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लेकर उन्हें निरस्त कर दिया गया। कुल 90 आवेदन पत्रों पर विचार विमर्श करते हुए सूची A में दर्शित समस्त आवेदको को दिनांक 25.05.206 को एवं सूची B में दर्शित समस्त आवेदकों को दिनाँक 26.05.2026 को सुबह 10 बजे मीटिंग हाल जनपद न्यायालय कानपुर नगर में साक्षात्कार हेतु सूचित किया गया है। उक्त सूचना को जनपद न्यायालय कानपुर नगर की आधिकारिक वेबसाइट kanpurnagar.dcourts.gov.in पर प्रकाशित किया गया एवं दूरभाष के माध्यम से भी अवगत कराया गया।

सूची A में दर्शित 49 आवेदकों में से 42 आवेदक दिनाँक 25.05.2026 को एवं सूची B में दर्शित 41 आवेदकों में से 19 आवेदक दिनाँक 26.05.2026 को साक्षात्कार हेतु उपस्थित आये। समिति द्वारा उपस्थित आये समस्त आवेदकों का निर्धारित तिथियों में साक्षात्कार किया गया। समिति द्वारा विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि विज्ञप्ति में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार उन आवदेकों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा जो जिनकी आयु 18-40 वर्ष के मध्य नहीं है। समिति द्वारा सभी उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार किया गया जिसमें समिति के अध्यक्ष व सदस्यगण द्वारा साक्षात्कार के आधार पर नम्बर भी दिये गये। साक्षात्कार के दौरान विभिन्न दिशा निर्देशों के सेवा शर्तों को ध्यान में रखते हुए ऐसे आवेदक जिनकी उम्र 18-40 वर्ष के मध्य पायी गयी एवं जिनके आवश्यक प्रपत्र सही पाये गये तथा जूनियर हाई स्कूल उत्तीर्ण पाये गये एवं शारीरिक रुप से जनपद न्यायालय कानपुर नगर में 52 सीट के सार्वजनिक शौचालय के सफाई के संदर्भ में संविदा सफाई कर्मचारी कार्य करने हेतु उपयुक्त पाये गये। जिसके आधार पर आवश्यकतानुसार 11 पदों पर कार्य करने हेतु निम्नलिखित सूची में दर्शित आवेदकगण सफल घोषित किये गये।

क्रम संख्या	आवेदक का नाम	पिता/पति का नाम	जन्म तिथि	निवासी
01	श्री आदित्य कुमार	श्री श्याम सुन्दर	06.06.1992	5/23 बकरमंडी आर० डी० कालोनी कानपुर नगर।
02	श्री अजय कुमार	श्री सोहन लाल	16.07.1991	प्लाट नं०-12 आदर्श नगर नई बस्ती अजय कंट्रोल मसवानपुर कानपुर।

03	श्री आकाश चौधरी	श्री सूरज प्रसाद	24.02.1994	15/136 सरस्सैया घाट कानपुर।
04	श्री अविनाश कुमार	स्व० बनवारी लाल	01.05.1991	79/2 लाटूश रोड कानपुर नगर।
05	दीपिका	श्री शशीकांत	27.12.1996	86/238 रायपुरवा अनवरगंज कानपुर नगर।
06	श्री महेन्द्र कुमार	श्री कल्लू लाल बालमीकि	01.01.1988	मकान नम्बर 366 कच्ची बस्ती 12 ब्लाक गोविंद नगर कानपुर.
07	श्री रितेश कुमार	स्व० श्याम किशोर	27.01.1993	15/167 सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड कानपुर।
08	श्री रोहन कुमार	श्री राज कुमार	17.08.1997	16/99 के० ई० एम० हॉल के पीछे सिविल लाईन फूलबाग कानपुर नगर।
09	श्री शरद कुमार	स्व० सन्दीप कुमार	06.01.2004	85/114 लक्ष्मी पुरवा, अनवरगंज कानपुर नगर।
10	श्री विनय कुमार	श्री विनोद कुमार	07.01.1990	65/4 विष्णुपुरी नवाबगंज कानपुर।
11	श्री मनोज कुमार	श्री राजा प्रसाद	05.04.1996	ग्राम टौरा, पोस्ट टौरा जिला उन्नाव।

अत: यदि माननीय महोदय अनुमोदित करें तो सक्षात्कार के आधार उपरोक्त समस्त सफल आवेदकों को दिनाँक 01.06.2026 से कार्य करने की अनुमति प्रदान की जा सकती है।

आख्या अनुमोदनार्थ/आदेशार्थ सादर प्रस्तुत।

Nisha Srivastava 29/05/2026

29/5/26

(सुभाष सिंह)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कक्ष सं0–11, कानपुर नगर
सदस्य, समिति

(कु० निशा श्रीवास्तव)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कक्ष सं0–07, कानपुर नगर
सदस्य, समिति

(सपना त्रिपाठी-I)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कक्ष सं0–01, कानपुर नगर
अध्यक्ष, समिति

Inm. Approved.

29/05/2026

DISTRICT JUDGE
KANPUR NAGAR